


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 29 अगस्त-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 304 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## नेपाल में अब तक 626 की मौत, 2400 से ज्यादा लापता

**काठमांडू।** नेपाल में अचानक आई बाढ़ के कारण 626 लोगों की मौत हुई है। 2400 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। इनमें करीब 30 देशों के नागरिक शामिल हैं। भारत के कई पर्यटकों ने सुरक्षित स्वदेश वापसी के बाद राहत की सांस ली। हालांकि, उन्होंने जलप्रलय और बाढ़ की विभीषिका पर रोंगटे खड़े करने वाले विवरण साझा किए हैं। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, नेपाल में अचानक आई बाढ़ के कारण काठमांडो में फंसे महाराष्ट्र के लगभग 100 तीर्थयात्रियों को बिहार सरकार ने सुरक्षित बाहर निकाला और ट्रेन से उनके गृह राज्य भेजा। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी सरकारी मीडिया ने बताया है कि तिब्बत में भूस्खलन के मलबे के बीच बनी झील में जलस्तर एक बार फिर बढ़ रहा है। इसकी वजह से एक बार फिर से भूस्खलन या मिट्टी के खिसकने का खतरा लगातार बना हुआ है। वहीं, नेपाल में राहत एवं बचाव कार्य में जुटे खोज दल जीवित बचे लोगों को खोजने में जुटे हुए हैं। सड़क को दोबारा खोलने के प्रयास भी जारी हैं।

## यूपी के 47 जिलों में बारिश का अलर्ट, बिहार में नदियां बौराईं

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** यूपी, बिहार सहित देश के 4 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के 47 शहरों में आंधी-बारिश की संभावना है। वहीं, बिहार में गंगा और गंडक नदियां खतरे के निशान से ऊपर हैं। यहां 50 हजार से ज्यादा घर पानी में डूबे हैं। उधर, हिमाचल प्रदेश में 67 सड़कें बंद हैं। राजस्थान में मानसून आने के बाद शुक्रवार को ऐसा पहला दिन था, जब राज्य में कहीं बारिश नहीं हुई। अलवर समेत 15 शहरों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। ओडिशा के तीन जिलों में 67,000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, वहीं मौसम विभाग ने राज्य के उत्तरी और तटीय क्षेत्रों में 2 सितंबर तक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

## ट्रेन का खाना खाते ही बिगड़ी 30 बच्चों की तबीयत

**खंडवा।** दिल्ली से केरल जा रही मंगला एक्सप्रेस में शुक्रवार देर रात अचानक उस समय हड़कंप मच गया, जब ट्रेन में सफर कर रहे करीब 30 स्कूली बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिला प्रशासन को जानकारी मिलते ही आनन-फानन में ट्रेन को खंडवा स्टेशन पर रोककर सभी बच्चों का इलाज कराया गया। जानकारी के अनुसार, हजरत निजामुद्दीन से एर्नाकुलम जा रही ट्रेन नंबर 12618 मंगला एक्सप्रेस में त्रिचूर के हैप्पी कॉन्वेंट स्कूल के 30 छात्र-छात्राएं सवार थे। सभी दिल्ली में शैक्षणिक भ्रमण के बाद वापस लौट रहे थे।

## अस्पतालों में आग लगने का सिलसिला जारी

**बरेली।** मिनी बाईपास रोड स्थित नवोदय अस्पताल की चौथी मंजिल पर शनिवार सुबह अचानक से आग लग गई। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण एसी में शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। शनिवार सुबह अस्पताल की चौथी मंजिल पर अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग की लपटें नजर आने लगीं। लेकिन घटना में किसी मरीज या तिमारदार के हताहत होने खबर नहीं है।

# शुद्धिकरण नहीं, अपराध

## दलित होने के कारण खड़गे को निशाना बनाया गया, एफआईआर दर्ज होनी चाहिए



● प्रेसवार्ता में राहुल ने सरकार पर किया प्रहार, प्रोजेक्टर पर दिखाया खड़गे का भाषण

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने उत्तराखंड में मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद हुए 'शुद्धिकरण' की रस्म को दलित उत्पीड़न मानते हुए SC/ST एक्ट के तहत FIR दर्ज करने की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि यह कृत्य खड़गे के दलित होने के कारण उन्हें निशाना बनाने के लिए किया गया था, जो संवैधानिक समानता का उल्लंघन है। 8 अगस्त को हल्द्वानी के रामलीला मैदान में कांग्रेस की एक रैली हुई, जिसे खड़गे ने संबोधित किया था। इसके दो दिन बाद, खबर है कि श्री-राम सेना के सदस्यों ने उसी जगह पर एक शुद्धिकरण हवन किया। कांग्रेस का आरोप है कि यह रस्म खड़गे को निशाना बनाकर की गई थी क्योंकि वह दलित हैं। राहुल गांधी ने कहा है कि देश में आज भी दो विचारधाराओं संविधान और आरएसएस की विचारधारा की लड़ाई है। राहुल गांधी ने देश में दलितों पर अत्याचार का मुद्दा उठाया और दावा किया कि देश में करोड़ों दलितों के साथ आज भी अन्याय हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि दशकों तक दलितों के साथ अत्याचार हुआ जो आज तक खत्म नहीं हो सका है। राहुल गांधी ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि दशकों तक दलितों के साथ भेदभाव होता रहा है और आज भी हो रहा है। चाय की दुकान पर दलितों के लिए अलग कप रखा जाता है और अभी भी शादी में दलितों को घोड़े पर चढ़ने पर पीटा जाता है। स्कूलों में दलितों से सफाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा दलितों को आगे बढ़ते हुए देख नहीं पाती है। उन्होंने कहा कि जितना सफल दलित होता है, उतना बड़ा प्रहार किया जाता है। उन्होंने कहा कि आपने कुछ दिन पहले देखा होगा कि 8 अगस्त 2026 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हल्द्वानी के रामलीला मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया था। इसके दो दिन बाद, श्री राम सेना के सदस्यों ने कथित तौर पर उसी स्थान पर 'शुद्धिकरण हवन' किया। राहुल गांधी ने कहा कि शुद्धिकरण करने वालों पर एफआईआर होनी चाहिए.उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष को न्याय मिलना चाहिए। 'हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अपमान के मामले में न्याय तो मिलेगा। आज नहीं तो कल इस मामले में एफआईआर होगी। ऐसा न हो, ये संभव ही नहीं है।' भाजपा संगठन से जुड़े सवाल पर राहुल गांधी ने कहा 'मेरी भाजपा के नए संगठन में कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा का नया संगठन, पुराना संगठन मेरे लिए एक ही है। जिसको ये सामने लाना चाहते हैं, ले आएं, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी लड़ाई विचारधारा और संविधान को बचाने की है।' हम मांग करते हैं कि उत्तराखंड में जिन्होंने यह शुद्धिकरण की रस्म की, उनके खिलाफ तुरंत FIR दर्ज की जाए।

## बरेली में भाजपा नेता की चाकू मारकर हत्या

● बच्चों के साथ गलत हरकत का किया था विरोध

**बरेली।** बरेली में रक्षाबंधन की रात सुभाषनगर क्षेत्र के बंसीनगला में पुरानी रंजिश की वजह से भाजपा मणिनाथ मंडल (ओबीसी मोर्चा) के उपाध्यक्ष सचिन कश्यप की चाकू से मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार रात करीब 12 बजे घर के पास बगिया में हमलावरों ने सचिन को घेर लिया और गले समेत शरीर पर कई जगह चाकू से वार किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सचिन की पत्नी गुड़िया देवी ने पड़ोस में रहने वाले बाबू उर्फ रोहित, अमित उर्फ भज्जी, बाबू की मां व आशीष मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। आरोप लगाया कि बाबू नाम का युवक बच्चों के साथ गलत हरकत करता था। उनके पति ने इस बात का विरोध किया तो उनकी जान ले ली।

## एन्सेफलाइटिस : पिछली सरकारों की बीमार मानसिकता का परिणाम

● देवरिया में सीएम ने सपा-कांग्रेस पर साधा निशाना



**देवरिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पिछली सरकारों को एन्सेफलाइटिस और माफिया राज के लिए जिम्मेदार ठहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश की छवि सुधरी है। राज्य अब बीमारू नहीं बल्कि एक सम्मानजनक प्रदेश बन गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एन्सेफलाइटिस सिर्फ बीमारी नहीं, बल्कि एक बीमार सोच थी। यह समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सरकारों की बीमार मानसिकता का परिणाम था। चालीस से अधिक वर्षों में पचास हजार से ज्यादा मासूमों की जान गई। पिछली सरकारों के अधिकारी बेपरवाह रहे और उनकी संवेदना खत्म हो गई थी। समाजवादी पार्टी या कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री पीड़ितों का हाल जानने नहीं आया। पूरे राज्य में माफिया का समानांतर शासन चलता था। आज उत्तर प्रदेश अपने नाम पर खरा उतरा है। अब कोई भी यूपी को बीमारू राज्य नहीं कहता।

## दिल्ली में तेजी से फैल रहा स्वाइन फ्लू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के नए आंकड़ों के अनुसार, 27 अगस्त तक राजधानी में एच1एन1 के कुल 2,729 मामले सामने आ चुके हैं। अकेले 27 अगस्त को 125 नए मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही इन्फ्लूएंजा ए और बी के कुल मामले बढ़कर 3,736 हो गए हैं। इनमें करीब तीन-चौथाई मामले एच1एन1 के हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष संक्रमण के मामले काफी अधिक हैं।

## एससीओ समिट में भागीदारी के लिए पीएम उज्बेकिस्तान रवाना

● 31 अग. को किर्गिस्तान का दौरा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव के निमंत्रण पर शनिवार को ताशकंद के लिए रवाना हुए। वे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत करेंगे। यह दौरा दो दिन का है। 31 अगस्त को वह किर्गिस्तान दौरे पर रहेंगे। दोनों नेता व्यापार और निवेश, रक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी, ऊर्जा, शिक्षा और सहयोग की समीक्षा करेंगे।

## लापता 7 साल की बच्ची की मिली लाश

**जमुई।** शहर के नीमारंग मोहल्ला स्थित एक अर्धनिर्मित मकान के परिसर में शनिवार की सुबह मो. इकबाल की 07 वर्षीय पुत्री सहाना खातून का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया। बच्ची शुक्रवार की शाम से ही गायब थी बच्ची का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले को लेकर पीड़ित पिता व अन्य स्वजन ने बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर क्षेत्र में व्यापक रोष देखा जा रहा है।

## हरियाणवीं सिंगर की पत्नी ने दी आत्महत्या की धमकी

**शामली।** हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की गोलियों से भूनकर हत्या के बाद से ही स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी सीमा (दिल्ली में सरकारी शिक्षिका) का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें वह शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं। सीमा का कहना है कि मेरे पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे मेरी तो पूरी दुनिया ही खत्म हो गई है। यदि अगले एक-दो दिनों के भीतर पुलिस ने अंकित की हत्या करने वाले बदमाशों का एनकाउंटर नहीं किया, तो वह स्वयं मुख्यमंत्री आवास के पास पहुंचकर आत्महत्या कर लेंगी।





## मणिपुर में आधी रात विधायक के घर धमाका

**इंफाल।** शुक्रवार देर रात करीब 1:30 बजे इंफाल वेस्ट के कोंथौजम मयाई लीकाई में मणिपुर के कोंथौजम से विधायक और राज्य सरकार के प्रवक्ता सपाम रंजन सिंह के घर पर बम विस्फोट हुआ। विधायक ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। प्रवक्ता सिंह ने कहा कि तड़के एक जोरदार धमाका सुनाई दिया, जिससे उनके घर में दहशत फैल गई। उन्होंने कहा कि मुझे पहले से कोई धमकी नहीं मिली थी और मेरी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है। यह घटना बेहद चिंताजनक है।

# सितम्बर में कम आएगा बिजली का बिल!

## एफपीपीएएस में 7.93 फीसदी की कमी का आदेश जारी

● उपभोक्ताओं को 604 करोड़ का फायदा



**लखनऊ।** पावर कॉरपोरेशन ने सितंबर के लिए ईंधन एवं बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) में 7.93 फीसदी की कमी का आदेश जारी किया है। इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं को कुल मिलाकर करीब 604 करोड़ रुपये की राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बिल में सितंबर माह में 7.93 फीसदी की कमी होगी। इस संबंध में पावर कार्पोरेशन ने आदेश जारी कर दिया है। इससे उपभोक्ताओं को करीब 604 करोड़ का फायदा होगा। सितंबर माह के लिए ईंधन एवं बिजली खरीद समायोजन अधिभार एफपीपीएएस में 7.93 प्रतिशत की कमी का आदेश जारी कर दिया गया है। इससे पहले जुलाई माह में उपभोक्ताओं को 4.43 प्रतिशत और अगस्त माह में 2.92 प्रतिशत की कमी मिली थी। विद्युत नियामक आयोग द्वारा एफपीपीएएस की गणना को लेकर दिए गए स्पष्ट निर्देशों के बाद अब यह सुनिश्चित होना चाहिए कि केवल संबंधित अवधि की वास्तविक विद्युत क्रय लागत एवं अनुमन्य ट्रांसमिशन शुल्क के आधार पर ही समायोजन किया जाए। उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। सितंबर महीने में बिजली बिल में पहले के मुकाबले कमी आएगी।